# हिन्दू युवा संगठन ने किए स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**जालोर।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर हिंदू युवा संगठन संस्था द्वारा विवेकानंद उद्यान नगर परिषद जालोर में प्रतिमा के समक्ष पुष्पाजंलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेड़िया ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे उपस्थित थे।वही अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्थापक अध्यक्ष एड्वोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ठ अतिथि के नाते भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पवार, कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला, एडवोकेट दिनेश महावर, रतन सुथार उपस्थित थे।

पुष्पांजलि के पश्चात वंदेमातरम गान का गायन किया। जिला कलेक्टर डॉ.प्रदीप के गवांडे ने कहा कि स्वामीजी ने अपने जीवन मे युवा शक्ति को जाग्रति के लिए विशेष कार्य किये।स्वामी विवेकानन्द का जन्म कलकत्ता के एक बंगाली कायस्थ परिवार में 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। इनका वास्तविक नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। इनके पिता श्री विश्वनाथ दत्त कलकत्ते के उच्च न्यायालय में एटर्नी (वकील) थे। वे बड़े बुद्धिमान, ज्ञानी, उदारमना, परोपकारी एवं गरीबों की रक्षा करने वाले थे। कार्यक्रम में नगर परिषद अशोक शर्मा, अचलसिंह परिहार, महेश भट्ट,दिनेश बारोट, सुशीला सैन, विमला विश्नोई, गीता बारोट,मंजू देवी, विजय जोशी, योगेश दवे, संजय बोराणा,विक्रम गुर्जर, ललित दवे, हीराराम देवासी, अशोक गुर्जर, बाबूलाल देवासी, सुदर्शन व्यास, इंदु दवे, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। संस्था द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दूसरे दिन 13 जनवरी को बापू बाल विद्या मंदिर स्कूल सूरज पोल के बाहर में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# रानीवाड़ा : व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** युवाओं के आदर्श सनातन धर्म के प्रहरी भारत को विश्वगुरु का खिताब दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रानीवाड़ा कस्बे में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाड़ा में युवानेता मंजीराम चौधरी के मुख्यातिथ्य में एक भव्य गोष्ठी एवं सप्त दिवसीय व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य मंजीराम चौधरी के द्वारा फीता काट कर किया किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों से संबंधित प्रदर्शनी के विषय में संवाद करते हुए गहनता से उसकी जानकारी भी प्राप्त की साथ ही साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह भी बढ़ाया। बता दें कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत आयोजित इस प्रदर्शनी में तकनीकी का बेहतरीन प्रयोग करते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं जो कि वर्तमान भारत के विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में बढ़ते हुए कदम को प्रदर्शित कर रहे हैं। इस अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार से स्वामी जी ने शिकागो में जाकर अपनी विद्वता के दम पर संपूर्ण भारत वर्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए हमारे भारत देश को विश्व गुरु का खिताब दिलवाया। संबोधन के दौरान चौधरी ने ये भी कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए सबसे पहले हम सभी को आपस में भाई चारे की भावना को मजबूती प्रदान करते हुए अपने नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हुए लोगों के प्रति स्नेह एवं आदर का भाव रखना होगा। अंत में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के इस अनुकरणीय पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया। बता दें कि यह प्रदर्शनी १२ जनवरी से लेकर १८ जनवरी तक लगाई जाएगी जिसमें तकनीकी से लैस मॉडल को प्रस्तुत किया गया है। ऐसे आयोजन से न सिर्फ स्वामी विवेकानंद की जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा अपितु देश के युवाओं में विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में प्रभावी रूप से जागरूकता भी आएगी। इस अवसर पर संस्थान के सहायक निर्देशक चिमनाराम पटेल, कनिष्ठ अनुदेशक मंजू देवी, मुकेश कुमार, भावना सिंगोदिया, अर्जुनराम मेगाराम पटेल, गोपाल पंचाल, महादेवाराम, विजयराज सहित प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद जयंती : भाविप ने दी श्रद्धांजलि




**जालोर।** भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से परिषद् के आदर्श व आराध्य व्यक्तित्व स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस व राष्ट्रीय युवा दिवस पर रविवार को शहर के चिकित्सालय के पास स्थित विवेकानन्द सर्किल पर विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवम् प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पाजंली के साथ स्वामी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय सामान्य चिकित्सालय में परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेंद्र भूतडा, संस्थापक अध्यक्ष डॉ हेमंत जैन, जिला समन्वयक मदनलाल माली, समाजसेवी सुरेश जैन, चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ.रमेश कुमार चौधरी तथा डॉ. विजय कुमार मीणा की मौजूदगी में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को सुरेश कुमार चंपालाल जैन के आर्थिक सौजन्य से फल एव बिस्किट आदि का वितरण कर उनकी कुशल क्षेम पूछ कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) चौधरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के संदेश नर सेवा ही नारायण सेवा के ध्येय पर परिषद् समाज में सेवा व संस्कार के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य कर रही है। शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतडा ने भामाशाह परिवार सहित सभी का आभार प्रकट किया।

# युवाओं के आदर्श विवेकानंद के चरणों में वंदन : नगर मंत्री

**भीनमाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भीनमाल के कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद जयंती के अवसर पर विवेकानंद सर्कल पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व महाआरती की । नगर मंत्री उत्सव दवे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान संत, विचारक, और आध्यात्मिक गुरु थे।भारतीय संस्कृति, वेदांत और योग को पूरी दुनिया में प्रचारित किया और भारतीय युवाओं को जागरूक करने महत्वपूर्ण भूमिका है। विवेकानंद के युवाओं के लिए विचार थे कि "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो।" विवेकानंद ने भारतीय वेदांत और योग को पश्चिमी देशों में पहुंचाया।स्वामी विवेकानंद का जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार और शिक्षाएं समय से परे हैं और मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं।



# जालोर में सुबह से छाया कोहरा

**जालोर।** जालोर में पिछले दो दिन से मौसम में बड़ा उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। रविवार को सुबह से जालोर सहित आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। जिससे विजिबिलिटी करीब 50 से 60 मीटर रही। जिससे वाहन चालकों को दिन में वाहनों की लाइट शुरू कर चलना पड़ा। वही मौसम ने कल भी हल्का कोहरा छाया रहने के साथ आगामी दिनों में सर्दी का प्रकोप बढ़ने की संभावना जताई है। बता दें जालोर में पिछले कुछ दिनों से मौसम सामान्य होने से आमजन को सर्दी से राहत मिली थी। लेकिन 8 जनवरी से प्रदेश में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के प्रभाव से कई जिलो में कोहरा, बारिश और ओले गिरे है। जिसके प्रभाव से 8 जनवरी को जालोर में रात का तापमान 24 घंटों में 3.8 डिग्री गिरकर 2.9 डिग्री पहुंचा था। इससे सर्दी का प्रकोप फिर बढ गया। वही 10 व 11 जनवरी को हल्की बूंदाबांदी हुई तथा शनिवार की रात का तापमान 11.8 डिग्री के साथ ही जालोर सहित आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा है।

# अंग्रेजी शराब की पांच सौ पेटी बरामद

## ▶▶ ट्रक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब तस्करी की रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी मोटाराम एवं वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में सायला थानाधिकारी महेन्द्रसिंह मय जाब्ता एवं डीएसटी टीम सांचौर द्वारा शनिवार रात्रि में संयुक्त कार्यवाही करते हुए विभिन्न ब्रॉण्ड की 500 कार्टन (पेटी) अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब मय परिवहन में प्रयुक्त आईसर ट्रक जब्त कर एक आरोपी गिरफ्तार को किया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के सिराणा टोल के पास नाकाबन्दी के दौरान संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक आईसर ट्रक नम्बर एमएच 01 डीआर 4677 को रूकवाकर चैक किया। जिसमें प्लास्टिक कट्टों के कवर में कार्टुन जो ऊनी कम्बल के टुकड़ों के नीचे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रॉण्ड के कुल 500 कार्टून यथा मेक डोवेल्स नम्बर 01 पव्वे के कुल 219 कार्टून, मेक डोवेल्स नम्बर 01 बोतल के कुल 117 कार्टून, रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की पव्वे के कुल 50 कार्टून, रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की



बोतल के कुल 53 कार्टून, रॉयल चैलेंज फाइन रिज़र्व व्हिस्की पव्वे के कुल 46 कार्टून, रॉयल चैलेंज फाइन रिज़र्व व्हिस्की बोतल के कुल 15 कार्टून को बरामद किया। साथ ही आरोपी कोहलाराम पुत्र निम्बाराम जाति जाट उम्र 25 साल निवासी रंगाला पुलिस थाना बागोडा जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया।

# मेंगलवा में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सायला।** निकटवर्ती मेंगलवा स्थित स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

संस्थाप्रधान नवाराम सुथार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद का पूजन कर नगर में रैली निकाली गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । भाषण प्रतियोगिता में करणसिंह राजपुरोहित, निबन्ध प्रतियोगिता में कुलदीप दर्जी, सुलेख प्रतियोगिता में चेतन राजपुरोहित, कुर्सी दौड में लक्षिता माली, मेहंदी प्रतियोगिता में दीक्षिता चौधरी, रंगोली प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई दल एवं कब्बड्डी प्रतियोगिता में विवेकानंद दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थाप्रधान नवाराम सुथार ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोकेन्द्रपाल सिंह, दिनेश वाणिका, करीम खां, रुचिका कुमारी, भाविका कुमारी, इन्द्रा प्रजापति एवं उर्वशी सुथार सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# जालोर : युवाओं को रोजगार देने सरकार कृत संकल्पित : राजपुरोहित

- मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह सम्पन्न
- 168 नवचयनित कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने कहा कि राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने जालोर जिले के नवचयनित 168 कार्मिकों को युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सेवा और समर्पण भाव से अपने कर्तव्य व दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करें। वे जालोर क्लब में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने नवचयनित कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। अतः आमजन के हितार्थ अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें। समारोह के दौरान बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा कनिष्ठ लेखाकार, टीआरए, कांस्टेबल, सीएचओ के पदों पर चयनित हुए 168 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। समारोह में जिला



कलक्टर प्रदीप के. गवांडे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्द किशोर राजोरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निशा कुट्टी ने किया। इस अवसर पर कोषाधिकारी गिरधारी राम गोदारा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमाशंकर भारती, विद्युत विभाग के एक्सईएन शंकरलाल सुथार, जिला रोजगार अधिकारी ललित मेवाड़ा, अतिरिक्त कोषाधिकारी संदीप कुमार, सहायक लेखाधिकारी पीराराम सोनी, सुरेश टेलर सहित जनप्रतिनिधि-अधिकारी एवं नवचयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजकीय महाविद्यालय सांचौर में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता एवं उनका अनुसरण करने पर अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस प्रभारी नारायण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य मूलाराम ने विद्यार्थियों से जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के अनुसार विवेकपूर्ण जीवन जीने पर बल दिया। उन्होंने सामाजिक एवं सांस्कृतिक सौहार्द को मजबूती प्रदान करने हेतु युवाओं को सकारात्मक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कुमार ने कविता का पाठ किया तथा ज्योति सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रसंगों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर 50 यूनिट रक्तदान एकत्र

## ▶▶ सांचौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** क्षेत्र के ऑक्सफोर्ड इंटरनेशलन कॉलेज परावा में में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व मंत्री प्रधान नरेन्द्र बिश्नोई, के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान 50 यूनीट रक्तदान किया गया । आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है, अपने द्वारा दिये गये रक्त से एक-एक व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। पुर्व प्रधान नरेन्द्र बिश्नोई ने का कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है, युवाओ को रक्दान के प्रति जागृत कर व प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

महाविद्यालय निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई ने समस्त स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया, और राष्ट्रीय युवा दिवस पर कहा कि विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम



निदेशक डॉ. भागीरथ विश्नोई ने रक्तदान किया। तत्पश्चात् शिविर में प्राचार्य डॉ. सुनीता व सहायक आचार्य सुरेश कुमार, सोहनलाल जांणी , एलची विश्नोई, नारायण सिंह, रमेश विश्नोई, भजनलाल, शैतान मोदी स्टाफ सदस्यों सहित एन.एस.एस. स्वयंसेवकों व अन्य विद्यार्थियों एवं बाहर से अतिथिगण व गणमान्य लोगो के द्वारा रक्तदान किया गया।

# सांचौर में युवा कांग्रेस ने शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को निरस्त करने के बाद युवा कांग्रेस ने प्रदेश महासचिव गौरव सारण के नेतृत्व में पोस्ट कार्ड अभियान शुरू किया। शिव मंदिर होथीगांव के दर्शन कर शिवपूरा से अभियान की शुरूआत की गई। पहले दिन होथीगांव ग्राम पंचायत के शिवपूरा, सिलोसन व कोलियो की गढ़ी में पोस्ट कार्ड अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान में पंचायत के लोगों ने पोस्ट कार्ड में भजनलाल सरकार से सांचौर जिले को तत्काल बहाल करने की मांग। वहीं अभियान के साथ साथ पंचायत के लोगों की समस्या को भी सुना गया जिसमें लाइट पानी और बिजली की समस्या को सुना और जल्द ही समस्या समाधान का आश्वाशन दिया। इस दौरान सागरदान चारण, कुलदीप देसाई, भावेश भोपाजी, समरथाराम देवासी, कानाराम माली, केवलाराम गवारिया, वकीलराम, गणपत, अनवर खान, अखाराम सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय जेतेश्वर ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन

**सांचौर।** देवासी संकल्यप सेवा संस्थान द्वारा कैरियर गाठेडेंस शिविर व राज्य स्तरीय जेतेश्वर ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा का मां शारदा विद्या मंदिर सांचौर में आयोजन किया गया । जेतेश्वर ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 में देवासी समाज के अभ्यर्थियों ने विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर 509 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था द्वारा जालौर जिले के 7 ब्लाको में परीक्षा व कैरियर गाइडेंस शिविर का आयोजन हुआ ।कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व भामाशाह डॉ. नरसीराम देवासी ने प्रतिभाओं को विषय व कार्य आधारित लक्ष्य की ओर मार्गदर्शन किया कौर कहा कि सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।राजकुमार गुडामालानी ने योग्यतानुसार सीयूईटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी, तेजारामव छोगाराम ने परीक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया।

# किसानों की समस्या समाधान में प्रदेश सरकार विफल : यादव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की बैठक आयोजित**

**जालोर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राजस्थान प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिव भगवान नागा ने रविवार सुबह 11 बजे किसान कांग्रेस संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ की बैठक मलकेश्वर मठ जालोर में लेकर किसानों की समस्याओं व संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। बेठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव ने कहा कि प्रदेश में किसानों की समस्याओं का समाधान करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है। राजस्थान में किसानों को समय पर बिजली,सिचाई हेतु पानी,खाद इत्यादि किसानों को पूरी तरह नही मिल पा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार की किसान विरोधी योजनाओं के कारण प्रदेश का किसान परेशान एवं व्याकुल है। बेठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिव भगवान नागा ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार ने विगत एक वर्ष में एक भी कार्य ऐसा नहीं किया जो किसान हित मे हो।पुरवर्ती गहलोत सरकार ने किसानों के लिये प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किये थे जिन्हें प्रदेश के किसान आज भी याद करते हैं।उन्होंने ने कहा कि जालोर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जवाई नदी को पुनर्जीवित करने का वादा करके गए थे लेकिन आज उनकी राज्य में सरकार है उसके बावजूद जालोर में किसानों को कई दिनों तक धरना प्रदर्शन करना पड़ा। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जवाई बांध के पुनर्भरण हेतु ठोस कार्य किये थे लेकिन सरकार बदलने के बाद अभी तक उस पर कोई कार्य नही किया गया। उन्होंने ने कांग्रेसजन से जालोर में किसान कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि पूर्व की गहलोत सरकार ने जालोर के किसानों के हित कई योजनाओं को स्वीकृति कर उनका कार्य प्रारंभ किया था लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण सरकार बदलने से भाजपा की राज्य सरकार राजनीतिक द्वेषभाव पुर्ण उन योजनाओं को रोक कर बैठी है। गहलोत सरकार ने जवाई बांध पुनर्भरण योजना के तहत 2554 करोड़ रुपये स्वीकृति कर 3000 करोड़ की योजना लागू की थी जिसके तहत ठोस कार्य पूर्ण होकर जालोर के किसानों को फायदा मिलता।

**कांग्रेस जिला प्रवक्ता ने किया कार्यक्रम का संचालन**

इस अवसर पर जिला महासचिव सूरज सिंह सुराणा, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा, जुल्फिकार अली भुट्टो, हिमांशु शर्मा, आसुराम देवासी, मडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, मदनलाल दहिया, गोपाल देवासी, महेंद्र पाल सिंह पोषाणा, कुशाल सिंह राजपुरोहित, ओबीसी जिलाध्यक्ष चुनीलाल गहलोत, सुष्मिता गर्ग, शीला चौधरी, सोनाराम मेघवाल, बस्तीमल चौहान, लाल सिंह राजपुरोहित, धूड़ाराम पटेल, किशनाराम चौधरी, गीता श्री, जुझाराम चौधरी, महेंद्र सोनगरा, उम्मेद सिंह चारण, ओमप्रकाश चौधरी, इरफान खान सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# उपार्जित धन का श्रेष्ठ उपयोग करें : साध्वी शुभ प्रभा



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** उपार्जित धन की तीन गतियां में दान की गति सर्वश्रेष्ठ होती है। मुरारी लाल सरावगी इसी गति के अनुसार कार्य करते हुए अनुकरणीय और प्रेरक संदेश सभी सक्षम लोगों को दे रहे हैं। उक्त विचार राजगढ़ की बेटी एवं आचार्य श्री महाश्रमण की विदुषी शिष्या डॉक्टर शुभ प्रभा ने रविवार को एक सेवा समारोह में व्यक्त किए। राजगढ़ निवासी बैंगलोर प्रवासी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी मुरारी लाल सरावगी के जन्म दिवस पर उक्त कार्यक्रम हुआ। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह पूनियां की अध्यक्षता में हुए समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि वाइस प्रिंसिपल अजय कुमार शर्मा एवं मदनमोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार थे। इस मौके पर एक सौ एक परिवारों को एक एक हजार रुपए की राशन सामग्री किट के साथ मिठाई तथा 500-500 नगद भेंट किए गए। साध्वी शुभ प्रभा ने कहा कि सरावगी के पिता बिहारी लाल जैन भी समर्पित तेरापंथी श्रावक थे। वह गणाधिपति आचार्य तुलसी के अनन्य भक्त थे। मुख्य अतिथि बबलेश शर्मा ने कहा कि सरावगी जैसे नि:स्पृह कर्मयोगी व्यक्तित्व गिनती के होते हैं। ऐसे व्यक्ति सामाजिक व्यवस्था और जरूरतमंद लोगों के जीवन का एक आधार होते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष पूनियां ने सरावगी तथा उनके द्वारा संचालित श्री बिहारी लाल जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरावगी की ओर से राजगढ़ क्षेत्र में करोड़ों रुपयों के सेवा कार्य करवाए जा चुके हैं। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए श्याम जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के अलावा राजगढ़ शहर व आसपास की आठ गौशालाओं के हजारों गोवंश को मीठा दलिया भी आज सुबह खिलाया गया है।

इसके अलावा बैंगलोर में भी ऐसे ही विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। कार्यक्रम में साध्वी कांति यशा तथा साध्वी अनन्य प्रभा ने राम कृष्ण से संबंधित पारंपरिक गीतिका प्रस्तुत की। महिला मंडल की प्रतिनिधि सरोज जैन, एनसीसी की लक्ष्मी राजपूत सहित गणेश दाधीच, लोकेश बैरासरिया तथा हैदराबाद से आए हुए आशीष व दिशा जैन की भी कार्यक्रम में भागीदारी रही। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैंगलोर से सरावगी ने संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि राजगढ़ सादुलपुर की सेवाओं के लिए वह कृत संकल्प है। भविष्य में जरूरतमंद तथा वक्त की मार से पीड़ित लोगों के लिए श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अन्य उपक्रम भी संचालित किए जाएंगे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** श्री कुचामन पुस्तकालयमें विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं विचार गोष्ठीका आयोजन पुस्तकालय के सभागार में किया गया। श्री कुचामन पुस्तकालय के सचिव शिवकुमार अग्रवाल ने बताया विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस समारोहपूर्वक हरिकिशन साबू के मुख्य आतिथ्य एवं सत्यनारायण गगड़ मौलासर के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। पुस्तकालय प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पहार व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया कार्यक्रम संयोजक एवं ट्रस्टी गुलाबचंद शर्मा ने बताया प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में शिवम सैकण्डरी स्कूल,, हमिंग बर्ड विद्यालय एवं श्री जेडी जैन विद्यालय के जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के साथ- साथ पाठक वर्ग ने भी भाग लिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया । सभी प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले श्री जेडीजैन स्कूल के कक्षा सात के छात्र प्रत्यूष गौड़ को नकद राशि व विवेकानंद साहित्य प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विचार गोष्ठी को शिक्षाविद् मधुसूदन पुरोहित, भंवरलाल पुरोहित, राजेश शर्मा, सुरेश वर्मा , गुलाबचंद शर्मा व सत्य प्रकाश शर्मा सच ने भी संबोधित किया। साथ ही हमिंग बर्ड विद्यालय की छात्रा यशस्वी गौड़ व कोमल ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन से सम्बन्धित विचार व्यक्त किए।

## न्यूज ब्रीफ

### सैन समाज की बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** सैन नवयुवक मंडल विकास समिति की बैठक भावा स्थित भेरूजी मंदिर परिसर में मंडल सरंक्षक फकीरचंद सेन, मदनलाल सेन के आथित्य में आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास निर्माण को लेकर चर्चा की गई। अभी तक हुए निर्माण व भविष्य में होने वाले निर्माण की रूपरेखा तय की गई। कोषाध्यक्ष बाबूलाल सेन ने निर्माण को लेकर साल भर का आय व्यव का लेखा प्रस्तुत किया। मंडल के अध्यक्ष महेश सेन, सचिव हुक्मीचंद सेन, फरारा मंडल अध्यक्ष संपतलाल सेन, दुर्गाकुंड अध्यक्ष किशनलाल सेन, काबरी अध्यक्ष नाथूलाल सेन, अनिल सेन आगरिया, पूर्व अध्यक्ष राकेश सेन, प्यारचंद सेन झोर, सोहनलाल सेन, दाऊलाल सेन, शंभूलाल सेन मोही, अर्जुन सेन मोही, गोपीलाल सेन, कैलाश सेन राजनगर, कैलाश सेन मोर्रा, रोशन सेन सोनियाना आदि मौजूद थे।

### खेतों से सिंचाई उपकरण चोरी का आरोपी गिरफ्तार



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन क्षेत्र में किसानों के खेतों से सिंचाई उपकरणों की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में निम्बी जोधा थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी बाबूलाल को गिरफ्तार किया है। मामला 10 जनवरी 2025 का है, जब सालगाराम जाट ने अपने खेत से 50 फव्वारे और 50 पाइप (2.5 इंच) की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उनके खेत में जीरा और इसबगोल की फसल लगी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया।क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में बाबूलाल ने हुडास, सांडास, रताऊ, सिकराली सहित कई गांवों में की गई चोरियों का खुलासा किया।थानाधिकारी हरीकृष्ण तंवर के नेतृत्व में गठित टीम में बस्तीराम हड़कानी, रामकुंवार, रामचंद्र, जसूराम और राजकुमार शामिल थे। पुलिस अब आरोपी से अन्य सहयोगियों और वारदात में प्रयुक्त वाहन के बारे में पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा और वृताधिकारी विक्की नागपाल के सुपरविजन में की गई।

### श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं में 26वां पौष बड़ा महोत्सव संपन्न

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राणी सती रोड पर लावरेश्वर महादेव मंदिर समीप स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में शनिवार को 26वां पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अशोक तुलस्यान ने बताया कि भरत कुमार तुलस्यान सुपुत्र स्वर्गीय बिलासलाल तुलस्यान परिवार द्वारा लगातार 26 वर्षों से पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आरम्भ श्याम बाबा की पूजा आरती के पश्चात पौष बड़ा का प्रसाद लगाकर किया गया। इस अवसर पर जीवेम चेयरमैन शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, डॉ. डीएन तुलस्यान, जुगल मोदी, श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, आशीष तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान, डॉ. एसएन शुक्ला, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, नारायण जालान, अनिल केजड़ीवाल, निर्मल मोदी, हरिश तुलस्यान, अमित जगनानी, नीटू केडिया, शिवचरण हलवाई, सुनील पंसारी, सुनील तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, सुभाष पुरोहित, शिवचरण पुरोहित, उमाशंकर महमियां, नवल किशोर खंडेलिया, कमल केजड़ीवाल, श्यामसुंदर तुलस्यान, छाजूराम तुलस्यान, श्यामसुंदर टीबड़ा, अजीत राणासरिया, एडवोकेट संजय शर्मा, विनोद सिंघानिया, पवन बियाला सहित अन्य गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट की सुरक्षा दी



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को परवाह थीम के तहत आमजन की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट वितरित किए गए। जिला पर्यावरण सुधार समिति तथा मंगलम रेजीडेंसी के सहयोग से मकर संक्राति पर होने वाले हादसों को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझे से बचाव के लिए दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट बांटे गए। इस मौके पर समिति के राजेश अग्रवाल ने कहा कि बीते कुछ सालों में चाइनीज व धातु मिश्रित धागे के कारण दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार होते है। खासकर इन धागों से गले कटने के समाचार मिलते रहते है। इसलिए एक सुरक्षा के तहत अग्रसेन सर्किल पर कैंप लगाकर दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट बांटे गए और उन्हें बेल्ट के फायदे बताए गए। इस मौके पर समिति के अभिषेक मुरारका, दीपिका, साक्षी शर्मा, मोनिका, अनूप सैनी, बबिता, जितेंद्र सोनी, मदन सोनी, ट्रैफिक पुलिस के हैड कांस्टेबल विनोद कांस्टेबल वेदप्रकाश, मंगलम रेजिडेंसी से नितिन धाबाई, विकास गोयल, यश मोदी, मनीष तुलस्यान, नंदकिशोर आदि ने मिलकर 300 से अधिक वाहन चालकों के गले की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट बांटे।

# पूर्व नौसैनिक कल्याण समिति की आमसभा का आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पूर्व नौसैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अलवर के स्वरूप विलास होटल में पूर्व नौ सैनिक कल्याण समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम समिति सदस्य नरेंद्र कुमार सोनी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा समिति में सम्मिलित नए सदस्य महिपाल, सुरेश सैनी व शेर सिंह यादव का स्वागत सम्मान किया गया। बच्चों व सैनिक विधवाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा ले आय व्यय का ब्यौरा दिया। सभा की अध्यक्षता कमांडर रामजस यादव द्वारा की गई। बैठक में कमांडर मनसुख डागर, कमांडर मंगल सिंह नरूका व पूर्व अध्यक्ष बी.डी शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किया। सभा में लेफ्टिनेंट सुभाष सैनी, किशन लाल, रामनिवास यादव के साथ सुल्तान सिंह यादव, राधेश्याम सिंह चौहान, उमेश वर्मा,ज्ञान सिंह यादव, यशवंत यादव, गोपी लाल यादव, जगदीश प्रसाद जाट, राम सिंह यादव, प्रकाश चंद्र गुर्जर, बलराम शर्मा, पूरणलाल, रमेश चावला सुरेश चंद्र वर्मा एवं हरिओम सिंह उपस्थित रहे। सभा के अंत में समिति अध्यक्ष रमेश यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अपने भाग्य विधाता आप स्वयं हैं : डॉ. दिलीप मोदी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** संपूर्ण शेखावाटी में अपने अभूतपूर्व परीक्षा परिणामों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सिलेक्शन के लिए पहचाने जाने वाले झुंझुनूं एकेडमी ग्रुप ऑफ स्कूल्स का मोटिवेशनल सेमिनार उन्मेष 2025 का आयोजन रविवार को झुंझुनूं एकेडमी गौशाला रोड में किया गया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य जोगेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले सिलेक्टेड 250 टॉपर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सेमिनार के मुख्य वक्ता चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने गुरूमंत्र दिए। सिंह ने बताया कि 'जीत, जुनून और तैयारी' की थीम पर आयोजित इस सेमीनार में डॉ. मोदी ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत अंक अर्जित करने के लिए ब्लू-प्रिंट दिया। डॉ. मोदी ने ऑडियो-वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रमोशन एवं सिलेक्शन के बीच के अंतर को स्पष्ट किया तथा साथ ही स्पष्ट किया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य क्यों आवश्यक है। डॉ. मोदी ने एक वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने अमूल्य समय का एक भी मिनिट वेस्ट नहीं करना चाहिए। कोयले एवं डायमंड का उदाहरण देते हुए डॉ. मोदी ने बताया कि नियत समय एवं एक निश्चित प्रेशर में दबा कोयला एक दिन डायमंड तो बन जाता है। परंतु एक डायमंड अमूल्य तभी बन पाता है जब एक जौहरी उसे निश्चित पैमानों पर तराश नहीं लेता। प्रत्येक विद्यार्थी में यह गुण विद्यमान होता है कि वे लगातार परिश्रम करते रहने से उच्च सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंनें विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए बताया कि वे अपने प्रेशर को प्लेजर में बदलें और अपनी स्टडीज को एन्जॉय करें। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उपलब्ध अवसरों एवं संसाधनों के आधार पर डिमांड एवं सप्लाई के अनुपात पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मोदी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को परामर्श दिया कि प्रत्येक एक अंक के लिए उन्हें प्रयास करते रहना है। डॉ. मोदी ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने भाग्य विधाता हम स्वयं हैं और हमें हमारी मेहनत के अनुसार हमें अवश्य सही परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होनें अपने सेमीनार के अंत में मैं तैयार हूं के नारे के साथ प्रत्येक विद्यार्थी को आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य दिया। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशुतोष मोदी ने विद्यार्थियों को टॉप फॉरैन यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के विकल्पों के बारे में भी बताया जहां विद्यार्थियों को सिलेक्टेड टॉप यूनिवर्सिटीज में शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ एडमिशन मिल सकते हैं। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी डॉ. मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशुतोष मोदी, जॉली एंजल्स डायरेक्टर रानू मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, डॉ. रविशंकर शर्मा, जोगेंद्र सिंह, आशा दड़िया राव, सोमेश भारद्वाज सहित समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# हनुमान चालीसा एवं महाआरती का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर सूर्यमुखी बालाजी मंदिर मोदियों की जाव झुंझुनूं में प्रांत धर्माचार्य संपर्क सह प्रमुख के नेतृत्व में संगीतमय हनुमान चालीसा एवं महाआरती का आयोजन किया। जिसमें विहिप के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र केडिया ने पूजा अर्चना की तथा प्रसाद वितरण किया। बजरंग दल जिला सह संयोजक सुशील प्रजापति ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना। यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। हमें विश्वास है कि यह दिव्य भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर प्रांत धर्म प्रसार टोली सदस्य योगेंद्र कुंडलवाल, सह संयोजक राहुल जांगिड़, विहिप नगर मंत्री अशोक शर्मा, सह मंत्री मोहित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितेश केजड़ीवाल, नगर संयोजक पिंटू कुमावत, सह संयोजक राहुल शर्मा, बलोउपासना प्रमुख मोहित सिंह, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख शुभम कुमावत, मिलन केंद्र प्रमुख सोनू कुमावत, सुरक्षा प्रमुख कपिल सैनी, मुकेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, राहुल कुमावत, युगल पाठक, मणी शंकर, पुजारी दीनबंधु, पंडित किशन, अनीष, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी उपस्थित हुए।

# 1721 छात्रा प्रतिभाओं ने लिया उत्साह के साथ टैलेंट हंट-2025 में भाग



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में ग्रामीण अंचल की मेधावी छात्रा प्रतिभाओं को तरासने के लिए हर वर्ष की भांति टैलेंट हंट 2025 का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिलेभर की सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों की 11वीं व 12वीं में अध्ययनरत 1721 मेधावी छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने छात्रा प्रतिभाओं को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं छात्राओं, आगंतुक शिक्षकगण व अभिभावकगण का अभिवादन कर आभार प्रकट किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। विनम्र होकर चलना प्रतिष्ठा का सूचक है। संस्था सचिव इंजीनियर पीयूष ढूकिया ने बताया कि वर्तमान समय बहुमुखी व्यक्तित्व को विकसित करने का है। इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को 11 हजार रूपए नकद, प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान किया जाएगा तथा प्रथम वर्ष बीए एवं बीएससी में निशुल्क अध्ययन कराया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 7100 रुपए नकद, मेडल व प्रशस्ति पत्र तथा तृतीय पुरस्कार 5100 रुपए नकद, मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। विद्यालय स्तर पर दस या दस से अधिक छात्रा प्रतिभागियों के भाग लेने पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को 500 रुपए नकद राशि का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर एकेडमिक डॉयरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. प्रतिभा, चंचल सैनी, उप प्राचार्या पिंकेश, डॉ. रीना चौधरी, शुभकरण खीचड़, निधि सिहाग, वंदना जांगिड़, राकेश झाझड़िया, प्रतियोगिता प्रभारी अमित मील, सुधीर शर्मा एवं समस्त स्टाफ व अभिभावकगण उपस्थित थे। मंच संचालन मंगलाराम जांगिड़ ने किया।

# जूली ने विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव केरवा जाट में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। विधायक निधि कोष से ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कराए जा रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में नवसृजित पंचायत केरवाजाट के भवन निर्माण, स्कूल के बाउंड्री वाल, इंटरलॉकिंग सड़क तथा सिंगल फेस बोरिंग का नेता प्रतिपक्ष ने उद्घाटन व शिलान्यास किया। जूली ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मालाखेड़ा ब्लॉक के प्रत्येक गांव को चारों तरफ हाईवे से जोड़ने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृहद स्तर पर सडक़ निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों को समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को जिला मुख्यालय जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों की मांग पर जूली ने सरकारी स्कूल की चारदीवारी, श्मशान घाट से नदी तक सडक़ व पशु चिकित्सालय के लिए एक कमरा बनवाने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार के राज में किसान फिर एक बार खून के आंसू रो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से फैलियर साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि लोग पेंशन के लिए, विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए ,आम आदमी बिजली पानी के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में बनाए गए जिलों पर भी यह सरकार कैंची चलाने का काम कर रही है। जूली ने नवसृजित पंचायत केरवा जाट के भवन निर्माण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, एस सी मोहल्ला में इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य, मैंन रोड से दयाचंद के घर से सोहनलाल पंच के घर की ओर इंटरलॉकिंग कार्य, मैंन रोड से शमशान घाट की ओर डुमेड़ा इंटरलॉकिंग कार्य, मैंन रोड से हनुमान जी के मंदिर की ओर धामाडिया मोहल्ला इंटरलॉकिंग, सिंगल फेस बोरिंग निर्माण कार्य हरिशंकर गुप्ता के घर के पास डुमेड़ा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य एवं कार्यालय ग्राम पंचायत केयर बजट पंचायत समिति मालाखेड़ा का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सरपंच छोटेलाल जाटव,रामेश्वर चौधरी,रूप सिंह केरवा,बुधराम, धारा सिंह, साजिद खान, नवाब खान, विजय, जोरमल चौधरी, सैकुल,हरिओम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का दिखा असर, दिन भर छाए रहे बादल, हल्की बूंदाबांदी फुहार से ठिठुरे लोग

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** रविवार सुबह दिन की शुरुआत में बादल छाने के बाद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने अंचल में हल्का असर दिखाया शनिवार को दिन भर मावठ के बाद रात्रि को मौसम में ठंडी हवाएं थमने से सर्दी में इजाफा हुआ रविवार अल सुबह बादल छाए रहे बादलों की आवाजाही के बीच 12:30 बजे 5 मिनट बादलों की लुकाछिपी के बीच सूर्य देव ने दर्शन दिए लेकिन थोड़ी देर बाद ही फिर चारों ओर बादल छाने से सर्दी तेज हो गई हल्की बूंदाबांदी फुहार गिरती रही। मौसम में एकाएक गलन बढ़ गई ठिठुरन से सड़कों पर निकले लोग खूब परेशान हुए। वहीं सर्दी के असर से कंपकंपी छूट गई इससे पहले सुबह दिन की शुरुआत में कोहरे का असर नहीं होने से विजिबिलिटी क्लीयर थी लेकिन सर्दी के साथ बादलों की आवाजाही बीच-बीच में बूंदाबांदी फुहारों से लोगों को तेज ठंड का एहसास हो रहा था।

# पाली : पुजारी से मारपीट कर मंदिर में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जयनगर के सर्वेश्वर महादेव मंदिर में पिछले चार-पांच माह में तीसरी बार मंदिर द्वार के अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़ दिए गए एवं दान पत्र तोड़े गए। दान पत्र से जो चढ़ावे में रकम आई हुई थी, वह अज्ञात चोरों द्वारा ले गए।

पूर्व में भी इस मंदिर में तीन बार चोरी रही हो गई है एवं इस मंदिर प्रांगण में कैमरे भी लगे हुए हैं। पूर्व में कोतवाली थाना अधिकारी को सूचना दी गई थी की रविवार को सुबह



पुजारी द्वारा मंदिर खोलने पर यह मालूम चला कि ताला टूटा हुआ है। उन्होंने नटवर गोपाल अरोड़ा गोवर्धन नरोदा को घर पर सूचना देकर बुलाया। इसके पश्चात इस मंदिर की वीडियो बनाई गई।

## कुत्तों की आवाज सुनकर बाहर आए

■ कुत्तों के भौंकने पर कमरे का दरवाजा खोल बाहर आए थे। पुजारी पर 10-12 नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-सरियों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पुजारी के पहने गहने और मंदिर में भगवान की प्रतिमा पर पहनी ज्वेलरी चोरी कर ले गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घायल पुजारी का अस्पताल में उपचार जारी है। मामला पाली जिले के रानी थाना क्षेत्र के बिजोवा गांव का है। यहां रेलवे लाइन बिजोवा फाटक के पास नौका मामा मंदिर है। बदमाशों ने मंदिर के पुजारी नवाराम देवासी (65) पुत्र ओमाराम पर हमला कर दिया। नवाराम पिछले 40 साल से पूजा कर रहे हैं। घायल पुजारी ने बताया- शनिवार रात, मैं हमेशा की तरह मंदिर परिसर में बने कमरे में सो रहा था। देर रात को कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर उठा। दरवाजा खोल कर मंदिर परिसर में गया तो अचानक 10-12 नकाबपोश बदमाश ने मुझ पर हमला कर दिया।

## भगवान के गहने ले गए

■ पुजारी ने बताया- मैंने गले में ढाई तोले सोने का फूल पहना था, हाथ में पहने चांदी के कड़े थे। आरोपी वे छीनकर ले गए। मंदिर में प्रतिमा पर पहनाएं गहने आदि सामान भी चोरी कर ले गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण रात को ही मौके पर पहुंचे और घायल पुजारी को उपचारी के लिए रानी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें पाली रेफर किया गया। पाली के बांगड़ अस्पताल में घायल पुजारी का उपचार जारी है।



# वीर शिरोमणि राव कूंपाजी मूर्ति अनावरण तैयारी की बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में वीर शिरोमणि श्री राव कूंपाजी की अश्वारूढ़ मूर्ति का राणावास में 31 जनवरी को अनावरण की पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन हुआ।

राव कूंपा जयंति के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गुड़ा सुरसिंह एवं मंत्री भंवरसिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान सभी स्थानों से अधिकाधिक संख्या में समाजबंधु पधारे ऐसी कार्य व्यवस्था बनाकर क्षेत्रवार प्रभारी बनाए गए, जो गांव-गांव जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर कार्यक्रम में आने का न्योता देंगें। बैठक में अजयपालसिंह, हेमावास राजपुत युवा जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रधान रानी, समंदर सिंह आकडावास, देसूरी प्रधान मानवेंद्र सिंह पदमपुरा, प्रतापसिंह सरपंच सोनाई माझी, गोविंद सिंह ओडवाड़िया, विक्रमसिंह गुड़ा रामसिंह, छैल सिंह डुठारिया, रूपसिंह टेवाली, जन्मजयसिंह खारड़ा, जितेंद्र सिंह मगरतलाव, जोरसिंह चौहान नाडोल , गोविंद सिंह पांचलवाडा, शक्तिसिंह श्रीसेला, महावीरसिंह, लक्ष्मणसिंह, सुरेंद्रसिंह सहित समाज के कई बंधु उपस्थित रहे।

**राठौड़ ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी**

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में प्रभारी मंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

## ▶▶ नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे, मुख्यमंत्री शर्मा को दिया धन्यवाद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय सभ्यता संस्कृति का विश्व धर्म सम्मेलन में डंका बजाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी जंयती को युवा महोत्सव के रूप में मनाते हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन के कल्याण व युवाओं को रोजगार प्रदान की दिशा में प्रयास कर रही है।

स्वायत्त शासन मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह रविवार को जिला परिषद में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्य योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि हम सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर समारोह में मारवाड़ विधायक केसाराम चौधरी, सोजत विधायक शोभा चौहान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जयपुर से वर्चुअली दिखाया गया जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से रोजगार उत्सव को संबोधित किया। साथ ही विभिन योजनाओ व कार्यों का शिलान्यास और उद्वघाटन भी किया।

जिला परिषद में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी कोषाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में पुलिस विभाग के 112, चिकित्सा विभाग से 124, वित्त विभाग से 65 तथा शिक्षा विभाग से छह कार्मिक सहित करीब ढाई सौ से अधिक नवनियुक्त



कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला कलक्टर एल.एन मंत्री, जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानी सिंह पवांर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डा. पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, कोषाधिकारी राकेश कुमार, सहायक नोडल कार्यक्रम सीएमएचओं डा. विकास मारवाल अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी सुनील भंडारी, युवा व अन्य मौजूद रहे।

# सुमेरपुर : निःशुल्क शिविर में 88 मरीजों ने लिया लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नवभारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा से री-एक्टिव फिजियोथेरेपी व रिहेब की ओर से रविवार को फिजियोथेरेपी एवं शुगर का निःशुल्क कैंप आयोजित किया गया जिसमें 88 मरीजों ने लाभ लिया। ट्रस्ट सदस्य व कैंप संयोजक सुरजीत राठौड़ व नंदिनी शर्मा ने बताया कि कैंप का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा, डा. कमलेश, डा. अयोध्या प्रसाद वैष्णव, डा. विनोद सुथार व नेनमल सोनी द्वारा भगवान की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। ट्रस्ट संस्थापक व अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि आमजन में आधुनिक जीवन शैली और खान-पान की वजह से एवं विटामिन बी-12 व डी-3 की कमी के कारण घुटने, कमर, कोहनी दर्द व शरीर में जकड़न आदि रोग हो जाते हैं। आमजन को रोग मुक्त करने निःशुल्क शुगर, बी.पी. जांच व फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया है। सवेरे 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें 88 मरीजों ने निःशुल्क कैंप का लाभ लिया। इस



मौके पर ट्रस्ट संरक्षक नेनमल सोनी, झूमरलाल गर्ग, डा. कमलेश, गजेश गर्ग, राजू प्रजापत, अंजली अग्रवाल, नंदनी शर्मा, जानम राजपुरोहित, सुरजीत राठौड़, पूनम भारद्वाज, राकेश भाटी, भूमिका राजपुरोहित सहित ट्रस्ट सदस्य व आमजन ने सेवा में सहयोग किया।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रनीती सिंह चौधरी राजस्थान टीम का नेतृत्व करेगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उत्तराखंड में आगामी 29 जनवरी से चार फरवरी तक भारत के खेलों का ओलिंपिक 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी राज्यों, केंद्र शासित राज्यों व सेना टीम, भारतीय पुलिस टीम व रेल्वे टीमें भाग लेंगी। हिंदुस्तान डिफेंस एकेडमी के निदेशक व राष्ट्रीय खेल कोच भैराराम चौधरी ने बताया कि सुमेरपुर निवासी प्रनीति सिंह चौधरी राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रनीति सिंह राष्ट्रीय खेलों में लक्ष्य हासिल करने के लिए हिंदुस्तान डिफेंस एकेडमी में कठोर परिश्रम प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय खेलों में प्रनीति सिंह चौधरी तैराकी में 200 मीटर व 400 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट



में भाग लेगी। साथ ही 200 मीटर इंडिजुअल मिडले में भी अपना प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक भैराराम चौधरी ने बताया कि प्रनीति सिंह चौधरी राजस्थान में पिछले पांच वर्षो से बेस्ट स्वीमर ऑफ राजस्थान का खिताब जीत चुकी है। साथ ही राष्ट्रीय स्कूल गेम्स व नेशनल फेडरेशन सीनियर तैराकी चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुकी हैं। प्रनीति सिंह चौधरी ने इस कामयामी का श्रैय अपनी माता सविता चौधरी व पिता ज्ञानेंद्र सिंह चौधरी को दिया। हाल ही में विद्या आश्रम स्कूल जयपुर में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। क्षेत्र की राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान टीम में प्रनीति सिंह क चयन होने पर जिला एथलेटिक्स संघ सचिव हरदेव आर्य, तीरंदाजी संघ के सचिव अरुण आर्य, कुश्ती संघ के गंगाराम गोयल, योगासन संघ के अध्यक्ष रतन सिंह देवड़ा, मुक्केबाजी संघ के गोविंद सुआरा, सनातन धर्म समिति के प्रकाश कुमावत, अभिभावक संघ के सुमेरसिंह राजपुरोहित, निजी शिक्षण संस्थान के विष्णु परिहार, राजस्थानी कला आर्ट के कैलाश सोनी व अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



# पाली में कोहरे और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे तक शहर में कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी 10 मीटर से कम रही। वाहन चालक भी लाइट लगाकर वाहन चलाते नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो रविवार सुबह पाली का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। यहां पांच कि.मी. प्रति घंटे की स्पीड से कोल्डवेव चल रही है। सुबह के समय पाली शहर में कई चाय की थडियों पर लोग अलाव तापकर और चाय की चुस्कियां लेकर सर्दी से राहत पाने का जतन करते दिखे। वॉकिंग पर जाने वाले शहरवासी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।



# देवासी मुंडारा भाजपा मंडल अध्यक्ष

## समर्थकों ने किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** क्षेत्र मुंडारा भाजपा मंडल अध्यक्ष साकलाराम देवासी कोटबालियान को चुना गया मंडल अध्यक्ष मुंडारा क्षेत्र के लोगों व उनके शुभचिंतकों द्वारा खुशी जताते हुए बधाई का तांता लगा रहा। घोषणा होने के बाद एडवोकेट देवासी कोटबालियान के समर्थकों में खुशी की लहर दिखी। माला साफा पहनाकर स्वागत करते हुए जानकारी लेते हुए न्यूज़ रिपोर्ट डीके देवासी को कहा की मैं एक भाजपा का समर्पित सिपाही हूं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बंदरों को वाहन पर बैठाकर दे रहे खाद्य पदार्थ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंजाब मोड़ पर अभी ट्रोला दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, मगर कई लापरवाह वाहन चालक अपने वाहनों को वहीं घटनास्थल पर रोक बंदरों को अपने वाहन पर बैठा कर बंदरों को बिस्किट केले आदि देने में मशगूल नजर आए। ऐसे में कई वाहन चालकों को घाट चढ़ने व उतरने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई भारी वाहनों की गति में रुकावट आ गई जिससे तुरंत ही घटना घटने की नोबत आ गई। घटनास्थल पर कई लोगों ने इसे वनविभाग के कार्मिकों की लापवाही बताया। लोगों ने कहा कि वाहन चालकों द्वारा बंदरों को सड़क मार्ग पर खाद्य पदार्थ डाले जाने से अब बंदर जंगल छोड़कर सड़कों पर आ गए है। नतीजन कई बंदरों की मौत हो गई। लोगों ने कहा कि वनविभाग को ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए जिससे बंदरों की मौते न हो और वाहन चालक भी दुर्घटना से बच सके।



# स्वामी विवेकानंद जयंती व कैरियर डे का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल में स्वामी विवेकानंद जयंती व कैरियर डे का आयोजन मुंबई की योगाचार्य भारती शर्मा, पूर्व राजस्थान किक्रेट रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी नियाज़ मोहम्मद जोधपुर, भामाशाह रमेश सुथार के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य दलपत सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

समारोह में मोहम्मद व भारती शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए तन व मन स्वस्थ रहना आवश्यक हैं अतः छात्र छात्राओं को योग, ध्यान, खेल के साथ आदर्श जीवन शैली व सकारात्मक सोच के साथ शिक्षण करना चाहिए। शिक्षक भरत शर्मा, सुजा राम चौधरी, राजेंद्र वैष्णव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के आदर्शों को जीवन में आत्मसात किए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। समारोह में योगाचार्य भारती शर्मा ने छात्र-छात्राओं को योग व ध्यान के विभिन्न आयामों पर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य दलपत सिंह राजपुरोहित ने आगुंतको का दुशाला व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। छात्राओं ने पोस्टर,भाषण व कविताओं के माध्यम से कैरियर व विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व मैडल से सम्मानित किया। शिक्षक मुकेश गुर्जर ने कविता पाठ किया। समारोह में गुलाब राम, केलाश सिंह राजपुरोहित, नेना राम उपस्थित थे। भामाशाह विजय राज परमार की ओर से विधालय छात्र-छात्राओं के लिए भोजन का आयोजन रखा गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बें सहित आस-पास के गांवों में रविवार को बाल सभा एवं विवेकानंद जयंती के अवसर पर कैरियर डे का आयोजन किया गया। स्थानीय कस्बें के महात्मा विद्यालय प्रांगण में संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी के नेतृत्व में कक्षा प्री प्राइमरी से बारहवीं के विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगारपरक शिक्षा के महत्व को बताते हुए केरियर डे मनाया गया। इस अवसर पर वर्षा, खुशबू, कीर्ति आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं छात्र धनराज ने भारत म्हारों देश फुटरो, वेश धिन-धिन भारती गीत की प्रस्तुति पर छात्र झूम उठे। संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी ने विद्यार्थियों को जीवन में कैरियर संबंधित जानकारी देकर अच्छे नागरिक बनने हेतु मार्गदर्शन किया।

**हर्ष व्यक्त किया**

स्थानीय विद्यालय की पूर्व छात्रा हेमलता वैष्णव के रग्बी खेल में नेशनल लेवल पर चयन होने पर खुशी जाहिर की गई। अवसर पर चंदन सिंह राजपुरोहित, कलावती, सुमन हरितवाल आदि उपस्थित थे।

# जोधेश्वर महादेव व हनुमान मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी गठित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** श्री जोधेश्वर महादेव मंदिर एवं हनुमान मंदिर ट्रस्ट सुमेरपुर की आम बैठक रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित हुई। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी के त्रि-वर्षीय चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। जिसमें संरक्षक पद पर शिवलाल माली, प्रकाशचंद्र अग्रवाल तथा अध्यक्ष पद पर जगदीशचंद्र मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रभुलाल देवड़ा, विनोद कुमार अग्रवाल, सचिव जयंतीलाल माली, सह सचिव सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पोपटलाल जैन, सह कोषाध्यक्ष अमृत लाल सोनी तथा कार्यकारिणी सदस्य में श्रवण राठी, नारायण सिंह राजपुरोहित, अशोक कुमार राठौड़, हस्तीमल सोनी, गिरीश



शर्मा, दिलीप अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, देवीचंद सोनी, बद्री प्रसाद अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार वैष्णव, पुखराज मालवीय, महेश कुमार गुप्ता, महिला सचिव पद पर गीता सोलंकी को निर्वाचित किया गया।

# चिकित्सा शिविर में 227 रोगियों की जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती पिलोवनी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रविवार को जन अस्पताल पाली व स्वर्गीय रामसिंह राजपुरोहित ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन कांग्रेस नेता शिशुपालसिंह राजपुरोहित के मुख्य अतिथि व पिलोवनी सरपंच किशोरसिह राजपुरोहित के विशिष्ट अतिथि में आयोजित हुआ। पूर्व आईएएस श्यामसिंह राजपुरोहित व युद्धिसिंह राजपुरोहित ने बताया कि उक्त शिविर में 227 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाई वितरण की गई। इस अवसर पर पूर्व उप सरपंच योगेश राजपुरोहित, नवनीत सिंह, राम सिंह राजपुरोहित, चतुर्भुज सिंह राजपुरोहित, महिपाल सिंह, नरपत सिंह, दिनेश सिंह आदि ने सहयोग किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन अजमेर में

**नारलाई।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन एवं शिक्षिका सेना का दो दिवसीय संयुक्त प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन आगामी 17 व 18 जनवरी को अजमेर के सूचना केंद्र पटेल मैदान के सामने आयोजित होगा। संघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश मेवाड़ा मुंडारा एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने बताया की प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के परिपेक्ष्य में मंथन किया जाएगा तथा शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य नजर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव पास कर प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

# देसूरी पुलिस ने की नाकाबंदी, काटे चालान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ते ने हरिओम आश्रम स्थित सड़क मार्ग पर सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर नाकाबंदी की। इस दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों की गहनता से जांच की। बिना कागजातों सीट बेल्ट काले शीशे के पाए जाने पर दो दर्जन के करीब चालान काटे। वहीं थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित द्वारा वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई। दुपहिया



वाहन चालकों को सफर के दौरान हेलमेट पहनने की हिदायत दी। इस दौरान हेड कांस्टेबल मेघाराम चौधरी, आसूचना अधिकारी राकेश कुमार, रामचंद्र वर्मा, दिनेश कुमार, बंशीलाल जाखड़, लीलाधर भार्गव चालक श्रवण कुमार, हिम्मत सोलंकी आदि मौजूद थे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**लोकमान्य तिलक महापालिका जनरल हॉस्पिटल, सायन**

**ई-महाटेंडर सूचना**

**क्र. एलटीएच/286/आर दि. 10.01.2025**

यह ई-निविदा सूचना है। आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका की ओर से निम्नानुसार ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी ई-अधिप्राप्ति सेक्शन अंतर्गत महाटेंडर्स पोर्टल (http://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (ईएमडी) (रु.) | ई-निविदा शुल्क (रु.) | बोली डाउनलोडिंग की प्रारंभ दिनांक व समय | बोली समापन की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल में माइक्रोमीटर, सेंट्री फयुज मशीन का संधारण एवं सर्विसिंग तथा अन्य सहायक कार्य। [बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1136119-1] | 20,000/- | 3300/- + 18% जीएसटी | 13.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) | 20.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) |
| 2 | एक वर्ष की अवधि हेतु एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल में तीन शिफट में 4 नग एयर कंडिशनिंग प्लांट का संचालन एवं प्रतिदिन रूटीन रखरखाव अनुबंध। [बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1136128-1] | 20,000/- | 3300/- + 18% जीएसटी | 13.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) | 20.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) |
| 3 | एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल में डिजिटल रेकॉर्डस बनाना एवं इंडेक्सिंग कार्य। [बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1136132-1] | 20,000/- | 3300/- + 18% जीएसटी | 13.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) | 20.01.2025 शाम 4.00 बजे (1600 बजे) |

सभी बोलीदार, जिन्होंने बीएमसी को पूर्व में स्टैंडिंग डिपॉजिट का भुगतान कर दिया हो, को बृहन्मुंबई महानगर पालिका को ईएमडी का भुगतान करना आवश्यक है। निविदाकारों को ऑनलाइन बोली जमा करते समय महाटेंडर पोर्टल के माध्यम से निर्धारित ईएमडी राशि का भुगतान करना होगा।

ई-निविदा बोलीदार कृपया नोट करें कि इस ई-निविदा सूचना के संबंध में कोई भी शुद्धि पत्र केवल बीएमसी पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई भी संशोधन स्थानिय समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगा।

**नोट: ए)उक्त ई-निविदा के पात्रता मापदंड के संबंध में महापालिका वेबसाइट http://www,mcgm.gov.in तथा http://mahatenders.gov.in पर अपलोडेड ई-निविदा सूचना को संदर्भित करें।**

**बी) बोलीदारों को अर्हतापूर्व की अनुसूची में निर्धारित जानकारी संबंधित दस्तावेजी प्रमाण अपलोड करना होंगे।**

बीएमसी के पास किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उक्त कार्यो हेतु प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को निरस्त करने अधिकार सुरक्षित है।

**आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका के आदेशानुसार।**

डीन
एल.टी.एम.जी. हॉस्पिटल, सायन

PRO/2204/ADV/2024-25

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

